<u>समाचार</u>

# <u>शहर को मिलेगी दो इंडोर बैडमिंटन कोर्ट की सौगात</u>

## <u>(राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया इंडोर बैडमिंटन कोर्ट एवं भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन)</u>




कोरबा 09 नवम्बर 2019 –शहर में खेल सुविधाओं की बेहतरी की दिशा में एक और मजबूत कदम के रूप में 02 इंडोर बैडमिंटन कोर्ट की सौगात शहर को प्राप्त होने जा रही है। आज राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आयुक्त श्री राहुल देव की उपस्थिति में इंडोर बैडमिंटन कोर्ट एवं भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 22 शिवाजीनगर निगम कालोनी स्थित मनोरंजनगृह के समीप 81 लाख 35 हजार रूपये की लागत से 02नग इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया जाएगा, जिसके तहत 02 इंडोर बैडमिंटन कोर्ट तथा उसका भवन, दर्शकदीर्घा, 03 नग कमरों एवं शौचालय यूरिनल आदि की सुविधा सहित अन्य निर्माण कार्य कराए जाएंगे। आज राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उक्त निर्माण कार्य का भूमिपूजन उनके द्वारा किया गया, इस मौके पर आयुक्त श्री राहुल देव विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिला बैडमिंटन संघ कोरबा के द्वारा इंडोर बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण की मांग मेरे समक्ष एवं महापौर के समक्ष पूर्व में रखी गई थी, मुझे खुशी है कि आज वह मांग पूरी होने जारी हैं। उन्होने कहा कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मार्गदर्शन में निगम द्वारा विगत पांच वर्षो के दौरान अपने अन्य कार्यो के साथ–साथ खेल सुविधाओं की बेहतरी के लिए व्यापक पैमाने पर कार्य कराए गए हैं, जो सर्वविदित हैं। उन्होने कहा कि पिछले निगम चुनाव में किए गए सभी वायदें आज लगभग पूरे हो चुके हैं, भवनों का फ्री होल्ड, सम्पत्तिकर में कमी, पेयजल समस्या

का सम्पूर्ण निदान, नया टी.पी.नगर, खेल सुविधाओं का विस्तार, विद्युतविहीन बस्तियों में विद्युतीकरण, दो दर्जन उद्यानों का निर्माण, निःशुल्क नल कनेक्शन, गांव–गांव में स्ट्रीट लाईट तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं के साथ–साथ हजारों की संख्या में विकास व निर्माण कार्य कराए गए। उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा कोरबा को मेडिकल कालेज की सौगात दी गई है, जिसकी कार्यप्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है, साथ ही कोरबा को जोड़ने वाली सभी प्रमुख सड़कों का निर्माण भी शीघ्र प्रारंभ होगा। इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि तत्कालीन साड़ा के समय से कोरबा के विकास को गति दी गई, कोरबा को एक छोटे से गांव से विकसित कर एक विकसित शहर बनाया गया, निश्चित रूप से कोरबा के इस विकास में तत्कालीन साड़ा एवं वर्तमान नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, सराहनीय है।

**बड़ी बैडमिंटन प्रतियोगिताएं होंगी संभव**– इस अवसर पर आयुक्त श्री राहुल देव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बैडमिंटन के दो इंडोर कोर्ट बनने के पश्चात भविष्य में हम कोरबा में बैडमिंटन की बड़ी प्रतियोगिताएं आयोजित करा सकेंगे, उन्होने कहा कि बैडमिंटन खेल के प्रति लोगों में रूचि है, एक कोर्ट होने से सभी खिलाड़ियों को उतना मौका नहीं मिल पाता था, अब दो कोर्ट और बनने के पश्चात सभी खिलाड़ियों को खेलने एवं प्रेक्टि्स करने के लिए भरपूर मौका मिलेगा। उन्होने कहा कि शहर में खेल सुविधाओं की बेहतरी के लिए निगम हरसंभव कदम उठा रहा है, निश्चित रूप से खेल से हमें ऊर्जा मिलती है तथा शक्ति का संचार होता है, स्वास्थ लाभ प्राप्त होते हैं, अतः खेल सुविधाओं की बेहतरी हम सभी का दायित्व भी है।

**खेल सुविधाओं को बढ़ाने में गहरी रूचि**– इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त एवं जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष श्री अशोक शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के साथ–साथ आयुक्त श्री राहुल देव ने भी शहर में खेल सुविधाओं को बढ़ाने में गहरी रूचि है। उन्होने कहा कि पूर्व में राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा इंडोर बैडमिंटन कोर्ट बनाने की घोषणा बैडमिंटन संघ के मांग पर की गई थी, जो आज पूरी हो रही है, उन्होने कहा कि इन बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण से कोरबा में बैडमिंटन की प्रतियोगिताओं के आयोजन में अत्यंत सुविधा होगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान आयुक्त श्री राहुल देव, अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, एम.आई.सी.सदस्य दिनेश सोनी एवं इंदिरा कौशिक, पार्षद गीता महंत, पूर्व सभापति संतोष राठौर, संगीता सक्सेना, कुसुम द्विवेदी, अर्चना उपाध्याय, मधु पाण्डेय, डॉ.एस.चंदानी, डॉ.संजय अग्रवाल, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, आर.के. माहेश्वरी, आर.के. भोजासिया, एम.एन.सरकार, भूषण उरांव, ओमप्रकाश अग्रवाल, जिम्मी अग्रवाल, आरिफ खान, तपन तिवारी, विपिन मिश्रा, व्ही.के.सारस्वत, जिला बैडमिंटन संघ के सचिव जी.एस.शर्मा, डॉ.शिरीन लाखे, मनीष मुखर्जी, व्ही.के.शुक्ला, ए.के. लुना आदि के साथ कोरबा जिला बैडमिंटन संघ के अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण तथा अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।